Regarding construction of new National Highway-19 in Bihar- laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज) : माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान सारण, सीवान, गोपालगंज होते हुए नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा तक नए राष्ट्रीय उच्च पथ -19 और सारण बांध की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । सारण बांध मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज जिले के लिए उपयोगी मार्ग है जो कि लोगों को इन सभी जिलों से जोड़ता है । सारण तटबंध अथवा उसके समानांतर गंडक नदी की तरफ आबादी रहित उपलब्ध जमीन पर (सोनपुर-दरियापुर-मकेर-अमनौर-तरैया-पानापुर-मसरख-बैकुंठपुर-सिधवलिया-बरौली-माझी-मंगलपुर) होते हुए नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा तक नए राष्ट्रीय उच्च पथ के निर्माण होने से लगभग 2 करोड़ से ज्यादा आबादी को लाभ होगा तथा राज्य की राजधानी पटना की दूरी भी इन जिलों से 3 से 4 घंटा कम हो जाएगी । इस पथ के निर्माण होने पर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 19, 27 एवं 28-बी इससे जुड़ जाएंगे । इलाकों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे । कृषि उत्पादों के लिए बिहार के विभिन्न क्षेत्रों एवं नेपाल की विस्तृत बाजार तक पहुंच बढ़ेगी । अतः मैं आग्रह करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के विकास के लिए सारण तटबंध को भी नेशनल हाईवे-19 (मकेर-तरेया-राजापट्टी-बैकुंठपुर-खजुरिया-मंगलपुर) को शामिल किया जाए तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने के बाद सारण बाँध पर नेशनल हाईवे का काम शुरू किया जाये ।